PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Heer Ranjha 1970
Year: 1970

Song: Milo Na Tum Toh Dil Ghabray
Lyricist: Kaifi Azmi

मिलो ना तुम तो हम घबराएँ
मिलो तो आँख चुराएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

मिलो ना तुम तो हम घबराएँ
मिलो तो आँख चुराएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

तुम्हीं को दिल का राज़ बताएँ
तुम्हीं से राज़ छुपाएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

ओ भोले साथिया
देखी जो शोख़ी तेरे प्यार की
ओय होय
ओ भोले साथिया
ओ भोले साथिया
देखी जो शोख़ी तेरे प्यार की
आँचल में भर ली हमने
सारी बहारें संसार की
नई अदा से हम इतराएँ
पाएँ खुशी लुटाएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

मिलो ना तुम तो हम घबराएँ
मिलो तो आँख चुराएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

ओ सोहने जोगिया
रंग ले हमें भी इसी रंग में
ओय होय
ओ सोहने जोगिया
ओ सोहने जोगिया
रंग ले हमें भी इसी रंग में
फिर से सुना दे बंसी
कलियाँ खिला दे गोरे अंग में
वही जो ताने आग लगाएँ
उन्हीं से आग बुझाएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

मिलो ना तुम तो हम घबराएँ
मिलो तो आँख चुराएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

तुम्हीं को दिल का राज़ बताएँ
तुम्हीं से राज़ छुपाएँ
हमें क्या हो गया है
हमें क्या हो गया है

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.